www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 1 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : 2 $^1/_2$ hours]

# PAPER-III
# ECONOMICS

[Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

Prepp
Your Personal Exams Guide

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

## PAPER – III
## प्रश्नपत्र – III

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks, containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in the section.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

www.prepp.in

## SECTION – I
## खण्ड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type of questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस-बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. What are the causes of recent global financial crisis ? What has been its impact on growth, employment and money markets in India ? Describe the measures adopted in India to combat it ?

हाल ही के विश्वव्यापी वित्तीय संकट के कारण क्या हैं ? इसका भारत में संवृद्धि, रोजगार एवं मुद्रा बाजारों पर क्या प्रभाव पड़ा ? इसके साथ जूझने के लिए भारत ने जो उपाय किए हैं उनका उल्लेख कीजिए ।

**OR / अथवा**

Describe the major new economic reforms introduced in India since 1991. Also examine their effects on the performance of different sectors of the Indian economy.

भारत में 1991 से जो मुख्य नूतन आर्थिक सुधार किए गए उनका उल्लेख करें और अर्थव्यवस्था के भिन्न क्षेत्रों के निष्पादन पर उनके प्रभावों की परीक्षा कीजिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

2. Differentiate between foreign direct investment and portfolio investment by foreign institutional investors. Discuss the factors that determine foreign direct investment inflows in a developing country, like India.

विदेशी प्रत्यक्ष निवेश तथा विदेशी सांस्थानिक निवेशकों द्वारा किये जाने वाले पोर्टफोलियो निवेश के बीच अन्तर कीजिए । भारत जैसे विकासशील देश में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अन्तर्वाह को कौन से कारक निर्धारित करते हैं ?

**OR / अथवा**

Explain the growth and productivity trends in Indian agriculture since 1991. Also suggest measures to improve productivity of agriculture in India.

भारतीय कृषि में 1991 से संवृद्धि एवं उत्पादकता की प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए । भारत में कृषि की उत्पादकता में सुधार लाने के उपाय भी सुझाइये ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – II
## खण्ड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions. From each of the elective/specialization, the candidate has to choose only **one** elective/specialization and answer all the **three** questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल **एक** ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I
### विकल्प – I

3. What is meant by multicollinearity ? How does it affect the OLS estimation process ? Discuss the two methods of detect it and suggest the remedial measures.
बहुसंरेखिकता का क्या अर्थ है ? यह ओ.एल.एस. आकलन प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावित करता है ? उसकी पहचान करने के लिए दो विधियों की विवेचना कीजिए और उपचारी उपाय बताइए ।

4. (i) Explain the effects of applying the single equation estimation method to an equation belonging to a system of simultaneous equations model. Also discuss how the quality of parameter estimators is improved through the application of an alternative method of estimation.

(ii) Consider the following model, given in deviation form :

$y_1 = b_1 y_2 + u$ ……… (i)

$y_2 = c_1 y_1 + c_2 x_1 + c_3 x_2 + v$ …….. (ii)

Use data, given in deviation form, below, and apply the two stage least square method to estimate the first equation :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| $y_1$ : | –5 | 0 | 3 | 2 |
| $y_2$ : | 2 | 3 | 1 | –6 |
| $x_1$ : | –2 | –1 | 0 | 3 |
| $x_2$ : | –2 | 3 | –2 | 1 |

(i) युगपद समीकरण मॉडल के समीकरण पर एकल समीकरण आकलन पद्धति की अनुप्रयुक्ति के प्रभावों की व्याख्या कीजिए और आकलन की वैकल्पिक पद्धति की प्रयुक्ति के माध्यम से प्राचल आकलक की गुणवत्ता किस प्रकार सुधरती है, विवेचना कीजिए ।

(ii) विचलन के रूप में दिए निम्नांकित मॉडल को देखें :

$y_1 = b_1 y_2 + u$ ……… (i)

$y_2 = c_1 y_1 + c_2 x_1 + c_3 x_2 + v$ …….. (ii)

नीचे, विचलन के रूप में दिए आँकड़े का प्रयोग करें और प्रथम समीकरण का आकलन करने के लिए द्वि-स्तरीय न्यूनतम वर्ग पद्धति (टू स्टेज लीस्ट स्क्वैयर) का अनुप्रयोग करें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| $y_1$ : | –5 | 0 | 3 | 2 |
| $y_2$ : | 2 | 3 | 1 | –6 |
| $x_1$ : | –2 | –1 | 0 | 3 |
| $x_2$ : | –2 | 3 | –2 | 1 |

5. (i) What is a dummy variable ? Explain its use in capturing a change in a slope co-efficient in a regression model. Use an illustrative example.

(ii) What do you understand by unit roots ? Discuss their uses in time series analysis.

(i) मूक या आभासी चर क्या है ? प्रतीपगमन मॉडल में प्रवणता गुणक में परिवर्तन जानने के लिये उसके प्रयोग की व्याख्या कीजिए । उदाहरण के उपयोग द्वारा दर्शाइये ।

(ii) यूनिट रूटस् से आप क्या समझते हैं ? काल-श्रेणी विश्लेषण में उनके प्रयोगों की विवेचना कीजिए ।

## Elective – II
## विकल्प – II

3. What do you understand by decomposition of price effect into substitution effect and income effect ? Show diagrammatically, how it can be applied to compare cash relief with the subsidy involving equivalent cost.

कीमत प्रभाव के प्रतिस्थापन प्रभाव तथा आय प्रभाव में विघटन से आप क्या समझते हैं ? चित्र की सहायता से दर्शाइये कि नगद राहत तथा समतुल्य लागत वाली रियायती मूल्यों पर वस्तुयें उपलब्ध कराने की योजना की तुलना में इसको किस प्रकार अनुप्रयुक्त किया जाता है ?

www.prepp.in

4. Explain how does Samuelson's accelerator-multiplier interaction generate trade cycle.
सैम्युलसन की त्वरक-गुणांक अंतर्क्रिया किस प्रकार व्यापार चक्रों को उत्पन्न करती है ? व्याख्या कीजिए ।

5. Explain the Harrod Domar conditions for warranted rate of growth.
अभीष्ट (या समर्थित) संवृद्धि दर के लिये हेरोड-डोमर शर्तों को स्पष्ट कीजिए ।

## Elective – III
## विकल्प – III

3. Discuss the collapse of Brettonwoods system in 1971.
1971 में ब्रेटनवुड व्यवस्था के पतन होने की विवेचना कीजिए ।

4. Discuss emergence of world trading system and the main reasons for its distortions.
विश्व कारोबारी व्यवस्था के उद्भव की और उसकी विकृतियों के लिए जिम्मेदार मुख्य कारणों की विवेचना कीजिए ।

5. What were the characteristics of globalization in the first phase ? Explain their impact on export sector of the developing countries.
वैश्वीकरण के प्रथम चरण की क्या विशेषताएँ थीं ? विकासशील देशों के निर्यात क्षेत्रों पर उनके प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

## Elective – IV
## विकल्प – IV

3. What is agricultural price policy ? How is it useful to control the market prices in India ?
कृषि कीमत नीति क्या है ? भारत में बाजार कीमतों को नियन्त्रित करने के लिये यह किस प्रकार लाभप्रद है ?

4. How does WTO help sustainable agricultural development in India ?
भारत में धारणीय कृषि विकास की, विश्व व्यापार संगठन (WTO) किस प्रकार सहायता करता है ?

5. Briefly explain the role of agrarian reforms in agricultural development in India.
भारत में कृषि विकास में कृषिक या भू-सम्बन्धी सुधारों की भूमिका की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

## Elective – V
## विकल्प – V

3. 'Economic planning in India has failed to achieve its major objectives.' Discuss. What changes in strategies would you recommend for making economic planning more effective in a liberalized economic environment in the country ?
"भारत में आर्थिक नियोजन अपने मुख्य उद्देश्यों को प्राप्त करने में असफल रहा है ।" विवेचना कीजिए । देश में व्याप्त उदारीकृत आर्थिक वातावरण में ज्यादा प्रभावशील आर्थिक नियोजन बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे ?

4. Critically examine the salient features of strategy of poverty alleviation adopted in India, since independence.
स्वतन्त्रता के बाद से भारत में निर्धनता कम करने के लिए अपनाई रणनीति की मुख्य विशेषताओं की समीक्षा कीजिए ।

5. Describe the main financial sector reforms undertaken by the Government of India since 1991. Examine their impact on the development of the banking sector and capital markets in the country.
भारत की सरकार द्वारा 1991 के बाद से किए गए वित्तीय क्षेत्र के सुधारों का वर्णन कीजिए । देश में बैंकिंग क्षेत्र एवं पूँजी बाजारों पर उनके प्रभाव की परीक्षा कीजिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Your Personal Exams Guide

## SECTION – III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains **nine** (9) questions of **ten** (10) marks, each to be answered in about **fifty** (50) words. **(9 × 10 = 90 marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस** **(10-10)** अंकों के **नौ** **(9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास** **(50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. What are the main points of Baumol's Sales maximization model of the firm ?
फर्म के बॉमोल विक्रय अधिकतमीकरण मॉडल की मुख्य बातें क्या हैं ?

7. Why does the IS curve slope down ?
निवेश-बचत (IS) वक्र की ढाल नीचे की ओर क्यों होती है ?

8. Define and distinguish between inclusive economic growth and the economic development.
अंतर्वेशी आर्थिक संवृद्धि और आर्थिक विकास के बीच अन्तर कीजिए और उसकी व्याख्या कीजिए ।

9. State the main recommendations of the Twelfth Finance Commission of India.
भारत के 12वें वित्त आयोग की संस्तुतियों का वर्णन कीजिए ।

www.prepp.in

10. How is monetary approach to Balance of Payments different from traditional approach ?
भुगतान संतुलन के पारम्परिक उपागम से मौद्रिक उपागम किस प्रकार भिन्न है ?

11. State main contents of Sergeant Florence theory of industrial location.
औद्योगिक अवस्थिति की सार्जेन्ट फ्लोरेंस थ्योरी की मुख्य विषयवस्तु बताइए ।

12. Explain environment as a public good.
सार्वजनिक वस्तु के रूप में पर्यावरण की व्याख्या कीजिए ।

13. What are the problems of agricultural labour in India ?
भारत में कृषि श्रम की समस्यायें क्या हैं ?

14. The lines of regression of a bi-variate model are :
$8x - 10y + 66 = 0$ (y on $x$)
$40x - 18y = 214$ ($x$ on y)
The variance of $x = 9$. Find
(a) Mean values of $x$ and y
(b) Correlation coefficient between $x$ and y
(c) Standard deviation of y
द्विचर प्रतीपगमन मॉडल की रेखाएँ हैं :
$8x - 10y + 66 = 0$ ($x$ पर y)
$40x - 18y = 214$ (y पर $x$)
$x$ का प्रसरण = 9
ज्ञात करें :
(a) $x$ और y के माध्य मूल्य
(b) $x$ और y के बीच सहसम्बन्ध गुणक
(c) y का मानक विचलन

www.prepp.in

## SECTION – IV

## खण्ड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

**(5 × 5 = 25 marks)**

**नोट :** नीचे दिये गये परिच्छेद के आधार पर **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर तीस **(30)** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

Economics is a study of men as they live and move and think in the ordinary business of life. But it concerns itself chiefly with those motives which affect, most powerfully and most steadily, man's conduct in the business part of his life. Everyone who is worth anything carries his higher nature with him into business; and there as elsewhere, he is influenced by his personal affections, by his conceptions of duty and his reverence for high ideals. And it is true that the best energies of the ablest inventors and organizers of improved methods and appliances are stimulated by a noble emulation more than by any love of wealth for its own sake. But, for all that, the steadiest motive to ordinary business work is the desire for the pay which is the material reward of work. The pay may be on its way to be spent selfishly or unselfishly, for noble or base ends ; and here the variety of human nature comes into play. But the motive is supplied by a definite amount of money : and it is this definite and exact money measurement of the steadiest motives in business life, which has enabled economics far to outrun every other branch of the study of man. Just as the chemist's fine balance has made chemistry more exact than most other physical sciences ; so this economist's balance, rough and imperfect as it is, has made economics more exact than any other branch of social science. But of course economics cannot be compared with the exact physical sciences : for it deals with the ever changing and subtle forces of human nature.

अर्थशास्त्र व्यक्तियों का अध्ययन है; जिस प्रकार से वे साधारण जीवन व्यवसाय में कार्य करते हैं, सोचते हैं और आगे बढ़ते हैं । परन्तु उसका सरोकार मुख्यत: उन प्रयोजनों से है जो मानवीय जीवन की व्यावसायिक गतिविधियों में उसके आचार को सर्वाधिक प्रबलता और सर्वाधिक नियमितता से प्रभावित करते हैं । प्रत्येक व्यक्ति, जिसमें कोई योग्यता है अपने उच्चतर स्वभाव को अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में प्रयोग करता है; और प्रत्येक जगह की तरह से वहाँ भी, वो अपनी वैयक्तिक पसन्द, अपनी कर्तव्यनिष्ठा के भाव एवं अपने उच्च आदर्शों के प्रति

सम्मान द्वारा प्रभावित होता है । और यह सत्य है कि सर्वाधिक उन्नत पद्धतियों एवं उपकरणों के योग्य आविष्कारक और आयोजकों की श्रेष्ठ शक्तियाँ उदात्त स्पर्धा द्वारा उत्प्रेरित होती हैं न कि स्वय: सम्पत्ति के लिए ही किसी प्रकार के प्रेम द्वारा । परन्तु उन सबके होते हुए भी, जीवन के साधारण व्यावसायिक कार्य के प्रति अत्यधिक स्थिर प्रयोजन उस भुगतान, जो कि कार्य का भौतिक पारितोषिक है, के लिए इच्छा है । इस पारितोषिक या भुगतान को स्वार्थपूर्णता या नि:स्वार्थता के साथ, उदात्त या निम्न लक्ष्यों के लिए खर्च किया जा सकता है; और यहाँ मानवीय स्वभाव की विविधता कार्य करती है । परन्तु प्रयोजन की प्रेरणा धन की निश्चित मात्रा द्वारा ही पूरित होती है, और जीवन के साधारण व्यवसाय में निर्धारित प्रयोजनों का यह निश्चित एवं सटीक मौद्रिक माप ही है, जिससे अर्थशास्त्र ने मनुष्य के अध्ययन की अन्य प्रत्येक शाखा को पीछे छोड़ दिया है । जिस प्रकार से रसायनज्ञों के सूक्ष्म संतुलन ने रसायन विज्ञान को अन्य अधिकांश भौतिक विज्ञानों की तुलना में ज्यादा सटीक बना दिया है; उसी प्रकार अर्थशास्त्रियों का यह सन्तुलन, अस्पष्ट एवं अपूर्ण, जैसा भी है, ने अर्थशास्त्र को समाजशास्त्रों की किसी भी अन्य शाखा की तुलना में ज्यादा सटीक बना दिया है । परन्तु, निस्संदेह, सटीक भौतिक विज्ञानों के साथ अर्थशास्त्र की तुलना नहीं की जा सकती है; क्योंकि यह मानवीय प्रकृति की सदा परिवर्तनशील और जटिल शक्तियों से सम्बन्ध रखता है ।

15. What motives of men's ordinary business of life constitute the subject matter of study in economics ?
व्यक्तियों के साधारण जीवन व्यवसाय के कौन से प्रेरक उद्देश्य अर्थशास्त्र के अध्ययन की विषय वस्तु है ?

16. Do you agree that personal affections, conceptions of duty and reverence for high ideals are stronger stimulants than love of wealth for its own sake in the life of every man ?
क्या आप सहमत हैं कि केवल धन के प्रति मोह की अपेक्षा निजी पसन्द, अपनी कर्तव्यनिष्ठा भाव तथा अपने उच्च आदर्शों के प्रति सम्मान, प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अधिक प्रबल प्रेरक हैं ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

17. What is the steadiest motive to ordinary business work in the life of human being ?
मानव के साधारण जीवन व्यवसाय के कार्यों का सर्वाधिक स्थिर/नियमित प्रयोजन क्या है ?

18. What has made economics more important than other branches of study of men ?
मानव के अध्ययन की अन्य शाखाओं की तुलना में अर्थशास्त्र को किस बात ने ज्यादा महत्त्वपूर्ण बना दिया है ?

19. Why economics can not be compared with the exact physical sciences ?
अर्थशास्त्र की तुलना अन्य सटीक भौतिक विज्ञानों के साथ क्यों नहीं की जा सकती है ?

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ..........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................